हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री

10 डिप्टी स्पीकर ने विश्वकर्मा चौक का किया उद्घाटन



10 हिंदू कन्या कॉलेज में सेमिनार आयोजित



## खबर संक्षेप

### दुकान का शीशा तोड़ चुराए 54 हजार,केस

**जींद।** नरवाना में चोरों ने पेस्टिसाइड की दुकान का शीशा तोड़ कर 54 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव गुरथली निवासी बलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी नरवाना पेस्टिसाइड की दुकान है।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** बाइक चोरी मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी करनाल निवासी प्रवीन को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राधा स्वामी कालोनी कैथल निवासी राहुल की शिकायत अनुसार 12 अगस्त 2024 को बस स्टैंड कैथल से अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी करके ले गया था।

### फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने पर मामला दर्ज

**जींद।** अपराधिक मामलों में वांछित व्यक्ति द्वारा फर्जी पते पर पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है। आरोपित विदेश भागने की फिराक में था। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कैथल के जींद रोड पर ट्रक की चपेट में आने से व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है खानपुर के जय नारायण ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब उसका 22 वर्षीय बेटा विनोद कैथल के जींद रोड स्थित हैफेड गोदाम के निकट से जा रहा था तो एक ट्रक चालक ने अपने ट्रक को तेज गति से चलते हुए उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### स्कूल के लिए निकले दो सगे भाई संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती से स्कूल के लिए निकले दो सगे भाइयों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बुढाबाबा बस्ती निवासी सतीश ने शिकायत में बताया कि उसका 14 वर्षीय व 12 वर्षीय बेटा गत दिवस सुबह घर से स्कूल के लिए निकले थे। वे शाम तक घर वापस नही लौटे। स्कूल में जाकर पूछताछ की तो बताया गया कि दोनों स्कूल में ही नही आए।

### मकान से चोरी करने का आरोपित काबू, भेजा जेल

**कैथल।** मकान में चोरी करने के मामले में एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी राजकुमार की शिकायत अनुसार 27 मई को काम पर चला गया। चोरों ने सामान चोरी कर लिया। आरोपी न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### ट्राली का एंगल लगने से बाइक सवार घायल

**जींद।** गांव ढाठरथ नहर के निकट ट्रैक्टर ट्राली के एंगल लगने से बाइक सवार घायल हो गया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल के भतीजे की शिकायत पर फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाठरथ निवासी वंश ने पुलिस को शिकायत दी है।

### चाय में नशीला पदार्थ देकर जेवर लेकर आरोपित फरार

**कैथल।** वकील कॉलोनी चीका में एक आरोपी परिजनों को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर लाखों के सोना व चांदी के आभूषण लेकर भाग गया। इसके बाद वह उसकी पत्नी को कहने लगा कि इसे होश में लाने के लिए सोने का पानी पिलाना होगा। जब पत्नी ने सोना देने से मना कर दिया तो आरोपी उसके गहने छीनकर भाग गया।

---

### पिता की शिकायत पर कॉलेज मालिक व स्टाफ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

# गांव कंडेला के पास खेत में बीएएमएस विद्यार्थी का शव मिलने से मचा हड़कंप

### शरीर पर कोई चोट का निशान नही, पास पड़ी मिली सल्फास की डिब्बी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव कंडेला के निकट ढाबे के पीछे खेत में बीएएमएस छात्र का शव मिलने से हड़कंप मच गया। छात्र गांव कंडेला के निजी आयुर्वेदिक कालेज में पढ़ता था। मृतक के शव का खानपुर पीजीआई में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर कालेज मालिक तथा स्टाफ के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। बरोदा (सोनीपत) निवासी हर्षित (25) गांव कंडेला के निकट निजी आयुर्वेदिक कालेज में बीएएमएस प्रथम वर्ष का छात्र था। जो कालेज के निकट ढाबे के पीछे खेत में वीरवार का मृत पाया गया। घटना की सूचना पाकर कालेज प्रबंधन तथा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मामले को देखते फारेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नही था। कुछ दूरी पर सल्फास की डिब्बी भी पाई गई। मृतक का मोबाइल फोन, चार्जर, चप्पल कुछ दूरी पर खेत में बने कमरे की छत पर पाए गए। मृतक के पिता धर्मेंद्र ने अपने बेटे की मौत पर संदेह जताया। उसने बताया कि हर्षित कालेज के हास्टल में रहता था। आखिर वह कालेज से बाहर कैसे आया। जबकि सिक्योरटी गार्ड व कालेज मालिक की जिम्मेदारी बनती है। गत दिवस शाम को उसकी हर्षित के साथ बात हुई थी। उसे कोई परेशानी नही थी। उसने आरोप लगाया कि उसके बेटे की सुनियोजित हत्या है। परिजनों ने नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर पीजीआई रैफर कर दिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के पिता धर्मेंद्र की शिकायत पर कालेज मालिक तथा स्टाफ के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। मृतक परिवार में इकलौता चिराग था।





**जांच जारी**

सदर थाना के जांच अधिकारी सुलतान सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## गांव मटरवाखेड़ी के छात्र का शव सिरसा ब्रांच नहर से बरामद

- माता-पिता का इकलौता बेटा, एक बहन का भाई था तन्मय उर्फ गोलू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी

गांव मटरवाखेड़ी के एक होनहार छात्र की नहर में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। 17 वर्षीय तन्मय उर्फ गोलू पुत्र हवा सिंह बुधवार शाम से लापता था और गुरुवार को उसका शव सिरसा ब्रांच नहर से बरामद हुआ। तन्मय 12वीं कक्षा का छात्र था और नजदीकी गांव डुलयानी के एक निजी स्कूल में पढ़ाई करता था। परिजनों के अनुसार तन्मय बुधवार शाम करीब 6 बजे अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के पास स्थित सिरसा ब्रांच नहर में नहाने गया था। हालांकि नहर में सामान्य रूप से पानी कम था, लेकिन एक स्थान पर जेसीबी मशीन द्वारा निकाली गई मिट्टी के कारण गहरा गड्ढा बन गया था। नहाते समय तन्मय उसी गहरे स्थान में चला गया और डूब गया। घटना के समय तन्मय के साथ मौजूद उसके दोस्त घबरा गए और उन्होंने डर के मारे यह बात किसी को नहीं बताई। जब तन्मय देर रात तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसे गांव और आस-पास के रिश्तेदारों के यहां तलाशना शुरू किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः पूंडरी पुलिस को शिकायत दी गई। गुरुवार को पुलिस ने जब जांच के दौरान उसके दोस्तों से कड़ाई से पूछताछ की ,उन्होंने बताया कि तन्मय नहर में डूब गया था। यह खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस व ग्रामीणों की मदद से तन्मय का शव गुरुवार दोपहर को नहर से निकाला गया ।

## तेज रफ्तार बस चालक ने डंफर में मारी टक्कर

### करीब आधा दर्जन सवारियां घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सफीदों

सफीदों उपमंडल के गांव बुढ़ाखेड़ा के पास एक डंफर के पीछे प्राईवेट बस की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में बस ड्राईवर, कंडक्टर सहित आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। इस घटना में बस कंडक्टर सोमदत्त निवासी पिल्लूखेड़ा को अधिक चोटें आई हैं। जिसे प्राथमिक उपचार देकर जींद रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार एक डंफर सफीदों से ओर से जींद की तरफ जा रहा था। उसके पीछे-पीछे एक प्राईवेट बस चल रही थी। बस ने डंफर को ओवरटेक करना चाहा तो सामने से एक स्कूटी पर एक बुजुर्ग दंपत्ति आ रहा था। बस की स्पीड अधिक होने के कारण उस स्कूटी सवार दंपत्ति को बचाते हुए बस डंफर के पीछे जा टकराई। टक्कर लगते ही बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं स्कूटी सवार दंपत्ति सड़क के किनारे खाई में जा गिरे। घटना होते ही काफी तादाद में आसपास के ग्रामीण व राहगीर एकत्रित हो गए। लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी।



**मामले की जांच जारी**

यात्रियों का आरोप था कि चालक बस को तेज गति से चला रहा था। यात्रियों ने ड्राइवर बस सही गति से चलाने के लिए बार-बार कहा लेकिन वह नहीं माना और वह तेज गति से बस को दौड़ाता रहा। तेज गति में ओवरटेक करने के कारण यह हादसा घटित हुआ। इस मामले में सब इंस्पेक्टर वजीर सिंह का कहना है कि गांव बुढ़ाखेड़ा के पास डंफर को ओवरटेक करते हुए यह हादसा घटित हुआ। घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बस के यात्रियों को मामूली चोटें आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सूचना पाकर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और एंबूलेंस के माध्यम से घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। इस घटना में आधार दर्जन यात्री मामूली रूप से घायल हो गएए जिन्हे उपचार देकर छुट्टी दे दी गई।

## महिला की संदिग्ध मौत, चार के खिलाफ दहेज-हत्या का केस दर्ज

- मृतका के पिता ने हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

गांव पीपलथा में बीस दिन पहले हुई महिला की संदिग्ध हालात में मौत होने के मामले में गढ़ी थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव पीपलथा निवासी अनिल की पत्नी आशु की गत आठ मई को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। ससुरालीजनों ने आशु द्वारा फंासी लगाए जाने की बात कही थी। जिसके चलते उस दौरान पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवा शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतका के पिता गांव मैंगलपुर निवासी सत्यवान ने अब पुलिस को दी शिकायत में बताया उसकी बेटी की शादी 12 साल पहले पीपलथा निवासी अनिल के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन दहेज को लेकर उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे थे। जिसको लेकर दोनों पक्षों की पंचायतें भी हुई। जिसमें समझौता हो गया था। सत्यावान ने आरोप लगाया कि ससुरालीजनों ने योजनाबद्ध तरीके से उसकी बेटी आशु की हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाया था। गढ़ी थाना पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर पति अनिल, जेठ सुनील, सास मेशो देवी, ससुर राजा राम के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गढ़ी थाना के जांच अधिकारी राय सिंह ने बताया कि मृतका के पिता ने आरोप लगाते शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बदमाशों से सख्ती से निपटे पुलिस : डॉ. मिड्ढा

- जानलेवा हमला व फिरौती मामले को लेकर डिप्टी स्पीकर से मिले व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जींद तथा उचाना के व्यापारी हाल ही मे उचाना के खाद बीज विके्रता की दुकान पर हुई फायरिंग तथा दो कारोबारियों से फिरौती मांगने के मामले को वीरवार को रेस्ट हाउस मे विस डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिढा से मिले। इस दौरान उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री, एसपी कुलदीप सिंह, उचाना के डीएसपी संजय कुमार भी मौजूद रहे। डिप्टी स्पीकर ने मामले की प्रगति के बारे में जानकारी ली और आरोपितों को जल्द सुराग लगा कर सलाखों के पीछे भेजने के बारे में कहा। व्यापारियों को डरने की जरूरत नही है। बदमाशों से सख्ती से निपटा जाएगा। एसपी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया पुलिस हर समय व्यापारियों के साथ है। सूचना के साथ पुलिस मौके पर मिलेगी। पुलिस टीमें लगातार आरोपितो को तलाश रही है। जिले की शांति भंग को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा। इस दौरान यह भी सामने आया कि गांव खटकड़ के निकट पाइप फैक्टरी चलाने वाले से ही नही बल्कि जींद शहर में भी बदमाशों ने एक कारोबारी के फोन पर व्हाट्सअप काल कर पचास लाख रुपये की चौथ मांगी गई थी। जिसके बाद बदमाशों ने व्यापारी के प्रतिष्ठान की फोटो भी खींची। पचास लाख की फिरौती न देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। इस कारोबारी के सामने भी उस गैंगस्टर का नाम लिया गया। जो खटकड़ के निकट पाइप फैक्टरी में लिया गया था। हालांकि जींद के कारोबारी ने इसके बारे में पुलिस को शिकायत नही दी।



जींद। लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक लेते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा व उचाना विधायक देवेंद्र अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

## मुंदड़ी में प्रशासन के आदेशों की सरेआम अवहेलना

- सरकार के पंचायती भूमि कब्जा मुक्त करने के दावों की निकल रही हवा
- पंचायत भूमि से कब्जा हटाने की कार्रवाई बनी औपचारिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

गांव मुंदड़ी में पंचायत भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे हटवाने को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई सिर्फ कागजों और अखबारों तक सीमित रह गई है। मूंदड़ी में प्रशासन के आदेशों की सरेआम अवहेलना हो रही है। सरकार के पंचायती भूमि कब्जा मुक्त करने के दावों की हवा निकल रही है। स्थानीय निवासी सतबीर सिंह की शिकायतों के बाद 3 बार हुई निशानदेही और 2 बार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट नियुक्त होने के बावजूद कब्जाधारियों से जमीन खाली नहीं करवाई जा सकी है, जिससे पंचायत विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सतबीर सिंह ने इस मामले को लेकर सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ उपायुक्त कैथल को भी लिखित शिकायत दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि प्रशासन चाहे तो महज एक घंटे में पंचायत की जमीन से कब्जा हटवाया जा सकता है, परंतु जिला प्रशासन की कोई गंभीर मंशा नहीं दिख रही। प्रशासनिक अमला गया, कब्जा भी हटवाया, 10 मिनट बाद कब्जा फिर लौट आया। शिकायतकर्ता सतबीर सिंह का कहना है कि प्रशासन ने दो बार मौके पर पहुंचकर कब्जा हटवाया और पोल गाड़े, लेकिन प्रशासनिक टीम के जाते ही कब्जाधारियों ने इन पोलों को उखाड़ दिया और फसल बोकर जमीन पर फिर से कब्जा जमा लिया। इतना ही नहीं, निशानदेही के चिन्ह भी मिट्टी में मिलाकर खत्म कर दिए जाते हैं। शिकायतकर्ता ने मांग करते हुए कहा है जिला उपायुक्त स्वयं मौके का दौरा करें, जिससे पंचायत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली की असलियत सामने आ सके। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार केवल दिखावे के लिए कब्जे हटवाने की बातें कर रही है, जबकि धरातल पर न तो प्रशासन सक्रिय है और न ही गंभीर।

**सख्त कार्रवाई होगी**

पंचायत विभाग के एसईपीओ अनुराग दत्त और ग्राम सचिव अमित राय का कहना है कि बीडीपीओ द्वारा जल्द ही मौके का निरीक्षण किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि क्या यह कार्रवाई भी महज औपचारिकता साबित होगी या डीसी कैथल द्वारा वास्तव में पंचायत की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाएगा।

## कलायतः मकान में सेंध लगाकर सामान व लाखों की नकदी पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कलायत

कलायत के मटौर रोड पर चोर गिरोह ने बुधवार-बृहस्पतिवार रात्रि बहुमंजिला दुकान में सेंध लगाकर नकदी सहित लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ किया। भवन के पीछे से सीढ़ी व अन्य दुकानों की छतों का सहारा लेकर चोर बहुमंजिला भवन की सबसे ऊपर के कक्ष में पहुंचे। दरवाजे को तोडकर दुकान में दाखिल हुए। इसके बाद एक-एक करके सभी मंजिलों पर रखे सामान व नकदी को चुराने का सिलसिला चला। दुकान मालिक सुरेश गोयल ने बताया कि वह पिछले लंबे समय से गोयल करियाना स्टोर के नाम से दुकान चला रहे हैं। पहले परिवार का आवास इस इमारत के अंदर ही था। वर्तमान में परिवार कैथल में रह रहा है और दिनचर्या अनुसार अपना कार्य कर रहा है। सुबह उन्हें दुकान में चोरी की घटना का पता चला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई और विभिन्न टीमें जांच के लिए पहुंची। दुकानदार ने बताया कि चोर गिरोह ने मुख्य रूप से सिक्कों की नकदी और अन्य जरूरत के सामान को चुराया। चोरी के लिए चोरों ने फुर्सत से पूरे भवन की एक-एक मंजिल को खंगाला। सबूतों को मिटाने के लिए सीसीटीवी की डीवीआर भी चोर अपने साथ ले गए।

**मामले की जांच जारी**

थाना प्रबंधक रामनिवास शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीमें मौका स्थल पर पहुंची। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को भी मौके पर बुलाया गया है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं। अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। चोर जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### दिल्ली मंडल के डीआरएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## प्लेटफार्म ऊंचा करने का काम जल्द शुरु होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

दिल्ली मंडल के डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने वीरवार को कैथल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। डीआरएम ने रेलवे स्टेशन पर सभी प्रकार की व्यवस्थाएं जांची। डीआरएम ने स्टेशन अधीक्षक से सिग्नल व्यवस्था के चलने को लेकर जानकारी भी ली। डीआरएम ने पूछा कि क्या सिग्नल व्यवस्था ठीक ढंग से चलती है। इस पर स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि अब यहां पर तीन साल पहले ही इंटरलॉकिंग सिस्टम शुरू कर दिया गया था। इसके बाद से स्टेशन अधीक्षक के हाथ में यह कंट्रोल रहता है। इसके बाद रेलवे स्टेशन पर शौचालय से लेकर पीने के पानी की व्यवस्था पर जांच की। इसके बाद उन्होंने यहां पर प्लेटफार्म के बार में जानकारी प्राप्त की। इस पर अधीक्षक ने बताया कि इसे ऊंचा करने की कार्यवाही रेलवे की ओर से जारी है। इस पर डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी ने बताया कि इस पर जल्द ही काम शुरू करवा दिया जाएगा। इसके बाद स्टेशन अधीक्षक ने दोपहर के समय बंद हुई ट्रेनों के बारे में डीआरएम को जानकारी दी। इस पर डीआरएम ने बताया कि इस पर विचार किया जा रहा है। जल्द ही इसके संचालन पर भी फैसला ले लिया जाएगा।





कैथल। डीआरएम पुष्पेश रमन त्रिपाठी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते।

**ट्रेन के संचालन का आश्वासन**

कैथल रेलवे स्टेशन के अधीक्षक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि डीआरएम वीरवार को अचानक रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। उनका दौरा कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करने का था, लेकिन वे अचानक कैथल पहुंचे। वे करीब एक घंटे तक व्यवस्थाओं की जांच करने के बाद नरवाना के रास्ते दिल्ली वापस लौट गए। शर्मा ने बताया कि डीआरएम ने आश्वासन दिया है कि वे दोपहर के समय बंद हुई पैसेंजर ट्रेन के संचालन पर भी जल्द ही फैसला लेंगे।

## नई बिल्डिंग में जल्द शुरू होंगे बुकिंग काउंटरः रमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

अमृत भारत योजना के तहत करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन नरवाना रेलवे स्टेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। स्टेशन की नई बिल्डिंग का लगभग 50 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसी निर्माण कार्य का जायजा लेने के लिए वीरवार को अंबाला मंडल के डिविजनल रेलवे मैनेजर (डीआरएम) पुष्पेंद्र रमन त्रिपाठी नरवाना पहुंचे। डीआरएम निरीक्षण यान से कुरुक्षेत्र और कैथल होते हुए नरवाना आए। हालांकि इस बार उन्होंने प्लेटफार्म पर उतरने की बजाय निरीक्षण यान में बैठे-बैठे ही स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी अधिकारियों से ली। यान करीब दस मिनट तक स्टेशन पर रुका रहा। इस दौरान उन्होंने रेलवे फाटकों और सिग्नल सिस्टम की भी जानकारी ली। सिग्नल न मिलने की वजह से यान को कुछ समय के लिए रोका गया। बतादें कि डीआरएम इससे पहले 31 मार्च को भी नरवाना स्टेशन का दौरा कर चुके हैं। उस दौरान स्टेशन की पुरानी इमारत का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गति देने के निर्देश दिए थे।

## खबर संक्षेप

### बुआना से रात्रि ठहराव कार्यक्रम से बाइक चोरी

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के बुआना गांव के राजकीय स्कूल में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम से एक बाइक चोरी हो गई। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बुआना गांव निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 मई की रात को बुआना गांव में प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया था।

### जरूरतमंदों की पहचान के लिए साथी अभियान शुरू

**जींद।** जिले के असहाय और बेसहारा बच्चों की पहचान कर उन्हें सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से साथी अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा शुरू किया गया है। साथी अभियान के अंतर्गत जयंती देवी मन्दिर के निकट कानूनी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ता देवराज मलिक ने जानकारी दी।

### अटल प्रारंभ को कोई बदल नहीं सकता : अहिरका

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक पंडित रामनिवास अहिरका ने कहा कि द्रोपदी के पांचों पुत्रों की निर्मम हत्या के बाद द्रोपदी ने भगवान कृष्ण से विलाप करते कहा भ्राता समथ्र्यवान होते हुए भी आपने पांचों पांडवों की तरह मेरे पांचों पुत्रों की रक्षा क्यों नहीं की। भगवान कृष्ण ने कहा कि द्रोपदी दुनिया एक रंग मंच की तरह है। यहां प्रत्येक व्यक्ति उसके कुछ पूर्व भोग भोगने तथा कुछ नए कर्मों के करने के लिए संसार में आता है।

### विवाह शगुन योजना के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जरूरी

**जींद।** अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाइन पंजीकरण करवाने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई.दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के छह महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा।

### धोखाधड़ी करने के तीन आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन शेयर मार्केट के माध्यम से पैसे कमाने का झांसा देकर निवेशकों को दो करोड़ 31 लाख का चूना लगाने के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान अखिल सैफी वासी नजदीक 66 फुटा रोड कंचन कुंज नई दिल्ली, आसिफ व सैफ वासी बसंतपुर पार्ट 2 फरीदाबाद के रूप में हुई है।

### सौतले बाप ने दत्तक पुत्री से की अश्लील हरकत

**जींद।** गढ़ी थाना इलाका गांव में एक व्यक्ति द्वारा दत्तक बेटी के साथ अश्लील हरकत करने तथा विरोध करने पर मां व बेटी के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर गढ़ी थाना पुलिस ने आरोपित पिता के खिलाफ अश्लील हरकत करने, दस पाक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। गढ़ी थाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### देवर ने दस साल किया भाभी का यौन शोषण

**जींद।** भाभी को शादी का झांसा देकर रिश्ते के देवर द्वारा दस साल तक यौन करने तथा विरोध करने पर मारपीट करने करने का मामला सामने आया है। जिसमें आरोपित के परिजनों ने भी उसका सहयोग किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपित देवर समेत तीन लोगों के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

### शोर्य प्रशिक्षण वर्ग में युवतियां रवाना

**सफीदों।** दुर्गावाहिनी मातृशक्ति के तत्वावधान में बहादुरगढ़ में आयोजित हो रहे सप्त दिवसीय प्रांतीय शोर्य प्रशिक्षण वर्ग में सफीदों की युवतियां बस से रवाना हुईं। दुर्गावाहिनी मातृशक्ति रोहतक विभाग की संयोजिका दर्शना गौत्तम ने बस को रवाना किया। विश्व हिंदू परिषद के जिला जींद मंत्री प्रमोद गौत्तम विशेष रूप से मौजूद रहे।

---

### 40.5 लाख से बने महाराजा शूरसैनी चौक निर्माण कार्य की शुरूआत की

# डिप्टी स्पीकर ने 29.66 लाख की लागत से बने विश्वकर्मा चौक का किया उद्घाटन

## शहर को लेकर जो भी परियोजना सीएम के समक्ष रही सभी पूरी : डा. मिड्ढा

सौंदर्यीकरण में सबके सहयोग की जरूरत, अधिकारियों को निर्देश शहर की सुंदरता को लेकर किसी तरह की कोई कोर कसर न छोड़ी जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



महाराजा शूरसैनी चौक निर्माण कार्य की आधारशीला रखते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी व अन्य।

शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर भव्य चौकों का निर्माण करवाया जा रहा है। इसी के तहत गुरूवार को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने बत्तख चौक पर महाराजा शूर सैनी चौक निर्माण कार्य की आधारशीला रखी वहीं रोहतक रोड पर भगवान विश्वकर्मा चौक का उद्घाटन किया। इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, भाजपा जिला महामंत्री डा. राज सैनी, जिला नगर आयुक्त गुलजार मालिक, गोविंद सैनी, सतबीर सैनी, जिले सिंह, रामनिवास, राहुल सैनी, कार्यकारी अभियंता जोगिंदर जांगड़ा, कार्यकारी अधिकारी सतीश गर्ग, कार्यकारी अधिकारी रिषिकेश चौधरी, बलराज पांचाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौके पर मौजूद रहे। 29.66 लाख की लागत से बना विश्वकर्मा चौक, 40.5 लाख से बनेगा महाराजा शूरसैनी चौक हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ाने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। सौंदर्यीकरण में सबके सहयोग की जरूरत है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों से भी कहा है कि शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर किसी तरह की कोई कोर कसर न छोड़ी जाए।

रोहतक रोड पर 29.66 लाख की लागत से बना विश्वकर्मा चौक बन कर तैयार हो गया है। जिसकी भव्यता देखते ही बनती है। इसी



श्री विश्वकर्मा चौक का उद्घाटन करते डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

तरह बत्तख चौक पर 40.5 लाख से महाराजा शूरसैनी चौक का निर्माण कार्य की शुरूआत की गई है। जल्द ही यह चौक भी बन कर तैयार होगा। दोनों ही चौक शहर के मध्य हैं। ऐसे में आने-जाने वाले लोग जब भी यहां से गुजरेंगे तो चौकों की भव्यता देखकर इसकी तारिफ किए बिना नही रहेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि जींद के सौंदर्यीकरण को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के सौंदर्यीकरण में चौक व चौराहों का विशेष योगदान होता है।

### संतों के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर रही सरकार

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि संत किसी एक जाति के नही होते हैं बल्कि वह सर्व समाज के होते हैं। संतों की वाणी व शिक्षाएं समाज को हमेशा रास्ता दिखाने का काम करती हैं। सभी लोगों को चाहिए कि वो महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को संवारने का काम करें। मुख्यमंत्री नायब सैनी सरकार भी संतों के दिखाए मार्ग का अनुसरण कर रही है और संतों की जयंती पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग का ख्याल रखा है। उन्होंने जींद के विकास को लेकर जो भी परियोजना मुख्यमंत्री नायब सैनी के संज्ञान में लाई है, उसे पूरा किया गया।

---


जींद। किसानों को विविध जानकारी दे रहे कृषि विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

# विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत

- गांव-गांव दी कृषि वैज्ञानिक किसानों ने विविध जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा द्वारा गुरूवार से पूरे देश में शुरू हो रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जिले के छह ब्लॉको के 135 गांवों से लगभग 30 से 35 हजार किसानों से सीधा संवाद होगा। कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों की इस अभियान के लिए तीन टीमें तैयार की गई है। जिसमें अन्य विभागों तथा एर्जेसियों के अधिकारी भी शामिल हैं। इसी श्रृंखला में पहले दिन कृषि विज्ञान केंद्र पांडु पिंडारा प्रांगण में पहली टीम का नेतृत्व कर रहे विस्तार शिक्षा विशेषज्ञ डा. पवन ने सतत कृषि क्रियाओं, डा. विकास वोहरा ने पशुओं के बारे में जानकारी दी। डा. राकेश सेठ ने बासमती धान की नई किस्मों पूसा बासमती 1847, 1885 व 1886 की जानकारी दी। डा. नीरज ने फसल अवशेष प्रबंधन बारे विस्तार से बताया तो डा. प्रीति मलिक ने प्राकृतिक खेती बारे जानकारी दी। डा. पवन सारस्वत ने नैनो यूरिया व डीएपी बारे तथा डा. लक्ष्मी ने पशुओं के रोगों बारे जानकारी दी। टीम के द्वारा लखमीरवाला गांव में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया और किसानों को जागरूक किया गया। दूसरी टीम में भारतीय परिषद कृषि अनुसंधान नई दिल्ली से डा. अश्विनी कुमार, डा. भास्कर, डा. जोगेन्द्र ने किसानों से गांव मखंड तथा काकड़ौद में सीधा संवाद किया तथा फसलों के लिए उपयुक्त तकनीक, मिट्टी की जांच एवं सुधार, संतुलित उर्वरक का प्रयोग की जानकारी भी दी। डा. राजेश सैनी ने मौसम संबंधित जानकारी प्रदान की। डा. सुरेन्द्र मित्तल ने विविध कृषि क्रियाओ, समय पर बुआई, फसल संरक्षण की जानकारी दी। अमरहेड़ी के सरपंच कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# जलनिकासी न होने से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। सेक्टर में सड़ रहा बरसाती पानी। फोटो :हरिभूमि

पिछले एक महीने में कई बार हुई बरसात के कारण सेक्टर 11 की ग्रीन बेल्ट में पानी जमा है। जो अब सड़ रहा है और बदबू मार रहा है। इसके कारण कालोनी सेक्टर 11 में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर लोगों को ठहरे हुए इस गंदे पानी के कारण बीमारियां फैलने का डर बना है। सेक्टरवासियों ने वीरवार सुबह एकत्रित होकर इस गंदे पानी की निकासी करवाने की मांग को लेकर रोष जताया। उन्होंने कहा कि वह प्रशासन द्वारा लगाए गए हर तरह के टैक्स को भरते हैं लेकिन उनको सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं मिल रहा। ग्रीन बेल्ट में ठहरे इस गंदे पानी की निकासी को लेकर वह प्रशासन से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन इसकी निकासी के लिए कोई भी आगे नहीं आ रहा।

ठहरे हुए पानी में मच्छर पनप रहे हैं। इनके कारण लोगों को डेंगू, मलेरिया व चिकन गुनिया समेत अनेक बीमारियां होने का डर बना हुआ है। इस गंदे पानी में मच्छरों को पनपने से रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने भी किसी प्रकार की दवा तक नहीं डाली। अब यहां के रहने वाले छोटे से बड़े व्यक्ति तक सभी को बीमारियों की चपेट में आने का डर बना हुआ है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि लोगों की सुविधा के लिए यहां पर ठहरे पानी की निकासी करवाई जाए।

---

# होटल संचालक के खिलाफ धरने पर झाड़ू लेकर बैठी महिलाएं

## अश्लीलता फैलाने का लगाया आरोप, शिकायत देने के बाद भी कार्रवाई नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना रोड स्थित निजी होटल में चल रहे अनैतिक कार्यों को रूकवाने के लिए गुरूवार को महिलाओं ने हाथों में झाड़ू लेकर धरने पर बैठी। महिलाओं का कहना था कि होटल में इन कार्यों को रूकवाने के लिए लगातार कालोनीवासियों धरना दिया जा रहा है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नही हुई है। मामला परिवेदना समिति तक भी पहुंचा और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सख्त कार्रवाई की बात कही। कार्रवाई न होने पर महिलाओं ने धरने की कमान संभाली है। धरनारत महिलाओं ने बताया कि


जींद। होटल के निकट हाथ में झाड़ू लेकर धरना देते महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

नरवाना रोड स्थित सुंदर नगर कालोनी में होटल में कमरा किराया पर देकर स्कूल, कालेज, आइटीआई समेत दूसरे शिक्षण संस्थानों के लड़के व लड़कियां आते हैं और गलत काम करते हैं। सरेआम अश्लीलता के कारण कालोनी के लोगों को शर्मशार होना पड़ रहा है। इससे कहीं न कहीं अपराध को भी बढ़ावा मिल रहा है। कालोनी में बच्चों पर गलत असर पड़ रहा है। रिहायशी क्षेत्र में इस तरह की गतिविधियों से महिलाओं को परेशानी हो रही है। मामले की शिकायत पुलिस अधिकारियों से भी की गई है लेकिन यहां अनैतिक गतिविधियां रूक नही रही हैं। समाधान शिविर में इस मामले की शिकायत दी गई लेकिन समाधान नहीं हुआ। पिछले काफी समय से यहां अनैतिक गतिविधियां जारी हैं। इसे लेकर उनके पास वीडियो भी हैं। बाकायदा होटल संचालक द्वारा लगातार कालोनीवासियों को धमकाने का काम किया जा रहा है। इसके विरोध में पिछले छह महीने से होटल के सामने ही नरवाना रोड पर नगरवासियों का धरना भी चल रहा है। पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर इनके हौसले बुलंद हो चुके हैं तथा यह झगड़ा करने पर उतारू है।

---


जींद। सरोज टंडन को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सम्मान समारोह का आयोजन

**जींद।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ द्वारा गुरु रविदास धर्मशाला सफीदों रोड में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष सत्यपाल पातलान ने की और डा. बीआर अंबेडकर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान राजेश पहलवान ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। मंच का संचालन राजेश राठी ने किया। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी में कला संकाय में बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सरोज टंडन को एक शाल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके इलावा नवनियुक्त टीजीटी और पीजीटी को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला संयोजक दलबीर आल्याहन ने बताया कि सरोज टंडन एक बहुत ही मिलनसार मेहनती और होनहार बेटी है।

---

# हिंदू कन्या कॉलेज में सेमिनार आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या महाविद्यालय में हरियाणा राजकीय सहायता प्राप्त प्रिंसिपल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के युग में उच्च शिक्षा पर आधारित रहा। इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति डा. रामपाल सैनी, पूर्व कुलपति डा. रणपाल सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे। साथ ही महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक के रजिस्ट्रार सहित अन्य विवि के रजिस्ट्रार तथा अनेक राजकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के प्राचार्य भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय सहायता प्राप्त


जींद। सीआरएसयू वीसी डा. रामपाल सैनी का स्वागत करते हुए।

महाविद्यालयों की प्रिंसिपल एसो के प्रधान डा. अशोक चौधरी के वक्तव्य से हुआ। तत्पश्चात कॉलेज प्राचार्या डा. पूनम मोर ने सभी उपस्थित गणमान्य सदस्यों का अभिनंदन किया। सेमिनार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के युग में उच्च शिक्षा के विषय पर विस्तारपूर्वक गहन चिंतन-मनन किया गया। तत्पश्चात कॉलेज प्रिंसिपल संगठन के द्वारा नवनियुक्त कुलपति डा. रामपाल सैनी को अंग वस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया। पूर्व कुलपति डा. रणपाल सिंह को भी संगठन के द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्राचार्यों व सेवानिवृत हुए प्राचार्यों को भी सम्मानित किया।

---


नरवाना। तपस्या करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### साध्वी कंचन नाथ नौ धुनों के बीच तप रही

**नरवाना।** नरवाना के ढाकल में इन दिनों एक विशेष आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। गांव के तालाब के पास साध्वी कंचन नाथ पिछले 15 दिनों से 9 धुने के बीच बैठकर गहन तपस्या कर रही हैं। यह तपस्या हर दिन दोपहर 12 बजे से 1रू15 बजे तक की जाती है और यह संकल्प 13 जून तक चलेगा। साध्वी कंचन नाथ अपने गुरु राजनाथ के साथ गांव में पधारी हैंए और उनकी देखरेख में ही यह तपस्या संपन्न हो रही है। गुरु.शिष्य की यह संयमित साधना ग्रामीणों और श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। तपस्या के दौरान गांव की महिलाएं और दूर.दराज से आए श्रद्धालु प्रतिदिन तालाब के पास पहुंचकर साध्वी जी के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। पूरे क्षेत्र में इस तपस्या को लेकर गहरी श्रद्धा और उत्साह का माहौल है।

---

**सचेत** राजकीय महाविद्यालय का शिक्षक व स्टाफ मोबाइल उपयोग को करेगा कम

# डॉ. गितांशु ने बताए मोबाइल को अधिक प्रयोग करने के दुष्परिणाम

मोबाइल का ज्यादा प्रयोग स्वास्थ्य समस्याओं और मानसिक परेशानियों को देता है जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को सभी शिक्षकों एवं गैरशिक्षण कर्मचारियों द्वारा मोबाइल फोन का प्रयोग केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही किया जाएगा। यह निर्णय मानसिक तनाव को कम करने हेतु लिया गया है। क्योंकि मोबाइल फोन का ज्यादा इस्तेमाल कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं और मानसिक परेशानियों को जन्म देती हैं। जैसे कि आंखों में तनाव, नींद में कमी, सिरदर्द, और चिंता। इसके अलावा शारीरिक गतिविधियों में कमी से वजन बढ़ सकता है और मनोवैज्ञानिक रूप से अकेलापन और सामाजिक संपर्क कम होने की संभावना है। नागरिक अस्पताल की आई सर्जन डा. गितांशु ने बताया कि मोबाइल फोन के ज्यादा प्रयोग से आंखों में तनाव रहता है। लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन को देखने से आंखों में तनाव, जलन और धुंधलापन हो सकता है। मोबाइल की ब्लू लाइट नींद की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। जिससे नींद न आने की समस्या हो सकती है। सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकता है। स्ट्रेस, चिंता, और डिप्रेशन हो सकता है। मोबाइल पर ज्यादा समय बिताने से शारीरिक गतिविधि कम हो सकती हैं। जिससे वजन बढ़ सकता है। वहीं ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कम कर सकता है। नागरिक अस्पताल की आई सर्जन डा. गितांशु ने बताया कि मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करें। दिन में मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करें और रात में सोने से पहले मोबाइल का इस्तेमाल न करें। शारीरिक गतिविधि में शामिल हों। मोबाइल पर समय बिताने के बजाय शारीरिक गतिविधियों में शामिल हों। जैसे कि व्यायाम, खेल, या पैदल चलना। अपने दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं और उनसे बात करें। पर्याप्त नींद लें। अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### सभी ने मिल कर लिया निर्णय : प्रो. मलिक

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने इस निर्णय को महाविद्यालय के अनुशासित वातावरण एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक सकारात्मक पहल बताते हुए कहा कि मोबाइल फोन का सीमित एवं संयमित प्रयोग न केवल मानसिक तनाव को कम करेगा बल्कि स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी लाभकारी सिद्ध होगा। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों से आग्रह किया कि वे मोबाइल जैसी आधुनिक सुविधाओं का विवेकपूर्ण उपयोग करें। इस पहल का सभी स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया तथा हर महीने के अंतिम शनिवार को मोबाइल फोन का न्यूनतम उपयोग करने का आश्वासन दिया है।

---



जुलाना। योग सहायक संगीत कुमार को सम्मानित करते प्रदेश के मुख्यमंत्री।

### सीएम ने योग सहायक को किया सम्मानित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के बराड़ खेड़ा गांव की व्यायामशाला में कार्यरत योग सहायक संगीत कुमार को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सम्मानित किया। योग सहायक के मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए जाने से पूरे गांव में खुशी का माहौल बना हुआ है। योग भारती जींद के प्रभारी और बराड़ खेड़ा गांव की व्यायामशाला के योग सहायक संगीत कुमार ने बताया कि पंचकूला के सेक्टर द्धद्मड्ड्श्च के इंद्र धनूष स्टेडियम में योग महोत्सव विनर अवार्ड का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। संगीत कुमार ने बताया कि गांव में ग्रामीणों को योग सिखाने में जिन सहायकों ने अहम भूमिका निभाई उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि योग सहायक को सम्मानित किया जाना गौरव की बात है।

**खबर संक्षेप**

### गर्मी के चलते पशुओं के लिए बना पेयजल संकट

**राजौंद।** गर्मी के साथ ही क्षेत्र में पशुओं को पिलाने के पानी का भी गंभीर संकट पैदा हो गया है। अधिकतर गांवों में तालाब ज्येष्ठ की गर्मी से पूर्व में ही सुख गए थे। जिसके चलते ग्रामीणों को पेयजल के साथ.साथ पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी दर-दर भटकने के लिए विवश होना पड़ रहा है। कुछ वर्ष पूर्व तक भी नहरी पानी से ग्रामीण गांव के सामूहिक तालाबों को भर देते थेए जिससे गर्मी के प्रकोप के चलते भी पशुओं को पीने के पानी की समस्या नहीं आती थी।

### रामफल कोटडा को प्रथम पुरस्कार

**राजौंद।** जिला सहकारी श्रम एंव निर्माण प्रसंध कैथल की वार्षिक आम सभा की बैठक जिला प्रसंध कार्यालय मे सुनीता बत्रा चेयरपर्सन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। वार्षिक लेखा जोखा जसवंत सिंह सहायक द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियो को निदेशक मंडल द्वारा सम्मानित किया गया।

### जाट हाई स्कूल सोसायटी का चुनाव प्रचार गरमाया

**कैथल।** 1 जून को होने वाले जाट हाई स्कूल सोसायटी की कार्यकारिणी के चुनाव को लेकर माहौल पूरी तरह से गरमा गया है। बता दें कि यह चुनाव प्रधान, उपप्रधान, सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए करवाया जाएगा। चुनाव में जहां एक ओर सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से समर्थित पैनल है तो वहीं दूसरी ओर उनके सामने एक अन्य खेमा है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू

**कलायत।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग कैथ 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरूल के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को मनाए जाने वाले 11 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत राजकीय व निजी विद्यालयों के पीटीआई एवं डीपीई को योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया गया है। इस कड़ी में कलायत के राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसका संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा.शकुंतला दहिया द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार हुआ।

### अलग-अलग मामलों में दो युवतियां हुई घर से लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थान से दो युक्तियां बिना बताए घर से चली गई। पहले मामले में कैथल के जींद रोड के एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 27 मई को उसकी 22 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई। हेड कांस्टेबल वर्षा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में राजौंद पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 28 मई को गांव वीर बांगडा से उसकी बेटी बिना बताए घर से चली गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल पिंटू ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय का किया उद्घाटन

# किताबें बच्चों में गलत को गलत कहने का साहस पैदा करती है: डीजीपी शत्रुजीत कपूर

हरियाणा की पुलिस लाइनों में ज्ञान क्रांति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर कैथल में पुस्तकालय का उद्घाटन करते हुए

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर की प्रेरणा से हरियाणा की सभी पुलिस लाईनों में सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय ज्ञान का ऐसा केन्द्र स्थापित हो रहा है, जहां ज्ञान के आधुनिकतम स्वरूपों को अध्ययन के लिए साकार किया जा रहा है। पुस्तकालय में सभी आयु समूह के लोग ज्ञान पिपाशा को शांत कर पाएगें। कपूर वीरवार को कैथल की पुलिस लाइन में 18वीं सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय का उद्घाटन उपरांत कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

19वां सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय जीन्द बनकर उद्घाटन के लिए तैयार है। नूंह, झज्जर, हिसार, रेवाड़ी व पलवल में पुस्तकालय निमार्णाधीन है। वैश्विक परिदृश्य में हरियाणा के युवाओं की हिस्सेदारी बृहद हो, इस अवधारणा को साकार करने के क्रम में हरियाणा की सभी पुलिस लाईनों में ई-पुस्तकालय की स्थापना की जा रही है। हरियाणा की 17 पुलिस लाईनों में सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय संचालित हैं। उन्होंने कहा कि किताबें बच्चों में गलत को गलत कहने की साहस का संस्कार पैदा करती हैं। उन्होंने हरियाणा राज्य के सभी जिलों की पुलिस लाईनों में संचालित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूलों के मध्य इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं करवाने का प्रस्ताव रखा इससे इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं करवाने से बच्चों का रुझान खेलों की तरफ भी बढेगा। उन्होने कहा कि सभी सरकारी और निजी स्कूलों में चक्रव्यूह की स्थापना की जाए। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय एक विचार है और यह पुलिस परिवारों के कल्याणकारी जीवन का आधार है। कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ उन्होंने पुलिस परिसर में पौधारोपण भी किया। इस दौरान एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण, आईजी एनफोर्समेंट कुलदीप यादव, एसपी आस्था मोदी, सभी डीएसपी व अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी तथा बच्चे व अन्य आमजन मौजूद रहे।

### नई पीढ़ी के विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श ज्ञान केन्द्र जैसा होगा

*एसपी कैथल आस्था मोदी ने कहा कि कैथल शहर के विस्तारीकरण के परिणामस्वरूप कैथल पुलिस लाइन के आसपास बड़ी आबादी निवास करती है। पुलिस लाईन में करीब 200 रिहायशी क्वार्टर हैं जिनमें लगभग 850 के करीब उनके परिवार जन रहते हैं। कैथल पुलिस में करीब 1322 पुलिसकर्मी तैनात हैं। इसलिए स्थापित पुस्तकालय पुलिस लाईन परिसर एवं आस पास की नई पीढी के विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श ज्ञान केन्द्र जैसा होगा। कैथल पुलिस लाईन में अत्याधुनिक फर्नीचर, डिजिटल प्लेटफार्म के लिए सरदार पटेल पुलिस पुस्तकालय में 9 कम्प्यूटर, 40 लोगों के लिए बैठकर पढ़ने के लिए वातानुकूलित कक्ष, व 1 एलईडी के साथ साईबर युग में ई-बुक्स की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। पुस्तकालय वर्गीकरण के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए कम्प्यूटर कैडलॉकिंग किया जा रहा है। पुस्तकालय सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुलेगा।*

### आधुनिक ज्ञान, आस्था और संस्कृति का संगम

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल रेंज करनाल डॉ. एम. रवि किरण ने कहा कि किताबें हर आयु वर्ग के लोगों को सशक्त माध्यम से जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होने कहा कि यह पुस्तकालय आधुनिक ज्ञान, आस्था और संस्कृति का संगम है। उन्होने कहा कि पुस्तकालय में विविध विषयों की ऑनलाइन सैंकडों किताबें विद्यार्थियों के अध्ययन के लिए उपलब्ध हैं। यह पुस्तकालय नागरिक और पुलिस समाज की नई पीढ़ी के लिए अध्ययन केन्द्र बनेगा। किताबों की यह दुनिया पुलिस नागरिक समाज के मध्य संवाद का मंच बन रहा है।आईजी एनफोर्समेंट कुलदीप यादव ने इस दौरान कहा की पुस्तकें मानव सभ्यता की सबसे बड़ी धरोहर हैं। ये केवल ज्ञान का स्रोत नहीं, बल्कि विचारों, संस्कारों और कल्पनाओं की दुनिया हैं। यह पुस्तकालय आने वाले समय में समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



छात्रा संजना को सम्मानित करते पदाधिकारी

# छात्रा संजना ने जीता यूथ एशियन गेम्स में कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एनआई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल के स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स मैं बीएससी स्पोर्ट्स की छात्रा संजना ने श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित यूथ एशियन गेम्स में बॉक्सिंग अंडर 22 (71 किलो भार वर्ग) मैं कांस्य पदक जीतकर देश-प्रदेश एवं एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय कैथल का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्र को विश्वविद्यालय आगमन पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद द्वारा स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने कहा कि छात्र की यह उपलब्धि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है और छात्र ने अपने अच्छे प्रदर्शन से देश व प्रदेश का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास रहता है कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों को ज्यादा से ज्यादा विश्व स्तरीय खेल से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध कराए जाएं ताकि छात्र पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अपने खेल के क्षेत्र में अपना शत प्रतिशत परिणाम दे सके। और उसी का परिणाम है कि आज विश्व पटल पर विश्वविद्यालय के छात्र अपनी सफलता का प्रचम लहरा रहे हैं।

### तुगलकी फरमानों के विरोध में 5 जून को शिक्षा सदन पर करेंगे जोरदार प्रदर्शन : रामपाल शर्मा

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रधान प्रभु सिंह, राज्य महासचिव रामपाल शर्मा, कैशियर संजीव सिंगला, वरिष्ठ उपप्रधान गुरमीत सिंह, उपमहासचिव कृष्ण नैन, संगठन सचिव सुखदर्शन सरोहा, प्रैस प्रवक्ता निशा, जिला प्रधान रामफल दयोहरा व जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने सयुक्त प्रैस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा व शिक्षकों के हितों पर लगातार हमला कर रही है और शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की आड़ में भारतीय भाषा शिक्षण के नाम पर गर्मी की छुट्टियों में 2 से 8 जून तक विद्यार्थियों और भाषा अध्यापकों को 50 डिग्री के आसपास तापमान होने बावजूद स्कूलों में आने का फरमान सुना दिया गया है।

# महिला परिचालक ने पूर्व में स्टेशन सुपरवाइजर रहे अधिकारी पर दबाव बनाने व ब्लैकमेलिंग करने के आरोप लगाए

अधिकारी अपनी मर्जी से उसकी हाजिरी या गैर हाजिरी लगाता था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल में रोडवेज डिपो की एक महिला कंडक्टर ने स्टेशन सुपरवाइजर रहे अधिकारी पर बदनीयती, दबाव बनाने और उसे ब्लैकमेल कर गैर हाजिरी लगाने का आरोप लगाया है। ये भी आरोप है कि अधिकारी अपनी मर्जी से उसकी हाजिरी या गैर हाजिरी लगा देता था। इस संबंध में महिला कर्मचारी ने एसपी सहित डीजीपी, डीजी ट्रांसपोर्ट, डीसी, महिला आयोग व मंत्री अनिल विज को शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। वहीं सुपरवाइजर ने सभी आरोपों को झूठा बताया है। कैथल में रोडवेज डिपो की महिला कंडक्टर ने शिकायत में बताया कि वह हरियाणा रोडवेज कैथल में कंडक्टर के पद पर साल 2018 से तैनात है। सुनील कुमार डिपो कैथल में स्टेशन सुपरवाइजर के पद पर था। वह कई व्यक्तियों को एससी एसटी एक्ट के केस में फंसवा चुका है। जब



वह कुरुक्षेत्र के डिपो में परिचालक के पद पर था, तो उसने डिपो के मौके के ऋूट पर भी एससी एसटी एक्ट का केस लगवा दिया था। अब उसने साल 2024 में अक्टूबर में उसे बदनीयती से तंग करना शुरू किया। जब उसको बिना मतलब के तंग करने से रोका तो आरोपी ने कहा कि तु पहले मेरे पास मेरे दफ्तर में हाजिर लगाया कर, फिर मैं तेरी हाजिरी रजिस्ट्रर में लगाउंगा। महिला ने कहा कि वह उसका हाजिरी रजिस्ट्रर भी अपने पास रखता था। ताकि वह अपनी हाजिरी रजिस्ट्रर में न लगा सके। हाजिरी लगवाने की एवज में ब्लैकमेल करने के लिए दबाव बनाने लगा। उसका मन करता रजिस्ट्रर में हाजिरी लगा देता और जब मन करता अबसेंट लगा देता। वह लड़की होने की वजह से व अपनी इज्जत के डर से काफी भयभीत थी। जब उसने डिपो के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया तो उच्चाधिकारियों ने भी उसकी कोई सहायता नहीं की। उल्टा उसी के ऊपर दबाव बनाया गया। आरोपी हाजिरी लगाने के लिए ब्लैकमेल करना चाहता था। उसकी रिपोर्ट लगभग 45-50 दिनों की तैयार की गई। शिकायतकर्ता ने कहा कि अगर वह 45-50 दिन से सही तरीके ड्यूटी नहीं कर रही थी, तो अधिकारियों ने उसकी ड्यूटी या ड्यूटी हाजिरी रजिस्ट्रर 45-50 दिन तक चेक क्यों नहीं किया।

# हलके की खिलाड़ी अलीशा को सरकार प्राथमिकता से सरकारी नौकरी और सम्मान दे : सुरेश रोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला कैथल के संयोजक सुरेश रोड़ पबनावा ने गांव मोहना की बेटी अलीशा चौधरी को एशियाई कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर हार्दिक बधाई दी है। सुरेश रोड़ ने कहा कि अलीशा चौधरी ने अपने शानदार प्रदर्शन से एक बार फिर देश, प्रदेश और अपने गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि अलीशा इससे पहले भी कॉमनवेल्थ कराटे चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं और अब तक सात बार राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। यह उपलब्धियां इस बात का प्रमाण हैं कि अलीशा न केवल एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, बल्कि वे देश की उन बेटियों में शामिल हैं जो सीमित संसाधनों के बावजूद निरंतर मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ रही हैं। सुरेश रोड़ ने युवाओं से आह्वान किया कि वे विदेशों में जाकर दिहाड़ी मजदूरी करने की बजाय अलीशा जैसे खिलाडियों से प्रेरणा लें और शिक्षा एवं खेलों में अपना



कांस्य पदक जीतने के बाद अलिशा का सम्मान करते हुए सुरेश रोड़।

भविष्य तलाशें।कांग्रेस प्रवक्ता सुरेश रोड़ ने हरियाणा सरकार से मांग की कि अलीशा जैसी प्रतिभाशाली और होनहार खिलाड़ी को प्रदेश स्तर पर उचित सम्मान व सरकारी नौकरी देकर भविष्य को सुरक्षित करें। इससे न केवल अलीशा का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश की अन्य बेटियों को भी खेलों में आगे आने की प्रेरणा मिलेगी।

### सुरेश कुमार सिंगला ने खंड शिक्षा अधिकारी पूंडरी के रूप में कार्यभार संभाला



**पूंडरी।** सुरेश कुमार सिंगला ने खंड शिक्षा अधिकारी पूंडरी के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने बतौर प्रधानाचार्य के पद पर भी पूंडरी ब्लॉक में कार्य किया है, जिससे उन्हें इस क्षेत्र की अच्छी समझ है। हसला के ब्लॉक पूंडरी के प्रधान डॉक्टर राजेश नैन ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पूंडरी ब्लॉक में जितने भी खंड शिक्षा अधिकारी रहे उन्होंने पूरे समर्पण के साथ कार्य कर खंड को आगे ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी आशा है कि आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी जी लेक्चर साथियों के कार्यों का समय पर निपटारा करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी ने भी आश्वासन दिया कि किसी भी कार्य को खंड स्तर पर पेंडिंग नहीं छोड़ा जाएगा। इस अवसर पर हसला पूंडरी के सम्मानित साथी बाबूराम जांबा, राजकुमार, सुशील सैनी, सुनील दत्त, सुभाष ढुहन, बजिंदर सिंह, प्रधानाचार्य धर्म सिंह, पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी नरसी राम जी आदि लोग उपस्थित रहे। समस्त हसला परिवार ने उनका धन्यवाद किया। डॉक्टर राजेश नैन ने खंड कार्यालय पूंडरी के कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी नरसीराम की कार्यशैली हम सभी के लिए अनुकरणीय रहेगी।

### 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कुरुक्षेत्र में योगमय माहौल के साथ मनाया जाएगा: चरणदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

पतंजलि योग समिति चीका द्वारा ताऊ देवीलाल पार्क में चल रही नियमित योग कक्षा में पतंजलि तहसील प्रभारी एवं वरिष्ठ योग शिक्षक चरणदास गुप्ता ने साधकों को प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। गुप्ता ने कहा कि पूर्ण, निरंतर व नियमित योगाभ्यास से मन शांत व शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग भी है।



ताऊ देवीलाल पार्क में पतंजलि साधकों को प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया

प्रत्येक नागरिक से अपेक्षा की जाती है कि वह इस महत्वपूर्ण दिवस पर योग को अपनी दिनचर्या में अपनाने हेतु प्रेरित हो। गुप्ता ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे हरियाणा में योगमय माहौल के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन होगा, जिसमें एक लाख से भी अधिक लोगों की भागीदारी होगी। योग गुरु बाबा रामदेव भी इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



विद्यार्थियों व खिलाडियों को सम्मानित करते हुए किसान जन कल्याण ट्रस्ट के सदस्य।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी व खिलाड़ी सम्मानित

**गुहला-चीका।** किसान भवन में गुहला हलका में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी व खिलाड़ी सम्मानित किए गए। सम्मानित होने वालों में रानी पूनिया, अर्पणदीप सिंह उर्वशी, सेजल सीड़ा, नमन सीड़ा व अनिरुद्ध शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान किसान भवन ट्रस्ट द्वारा उक्त सभी खिलाडियों को नगद राशि के साथ स्मृति चिन्ह भी दिए गए। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में ट्रस्ट के प्रधान रति राम सीड़ा ने कहा कि एक समय गुहला हलके को नशे का हब माना जाता था और नशे के कारोबार की दूर दराज तक चर्चा होती थी परंतु अब युवाओं ने अपने बलबूते पर खेल व शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुहला पर लगे नशे के धब्बे को मिटाने का काम किया है, जिसके लिए इस क्षेत्र के युवा, अध्यापक, अभिभावक व आम जन बधाइ के पात्र हैं। इस अवसर पर सीड़ा खाप के प्रधान मेहर सिंह, गुहला इनैलो प्रधान बलकार सिंह, ब्लाक समिति के पूर्व चेयरमैन भूपेंद्र जैलदार, सतीश गोयल, मीता बदसूई, पाला भागल, बलदेव पीडल, अमर सिंह, देवी दयाल सीड़ा व यादविंद्र सिंह, सुभाष पूनिया आदि रहे।



विकास कार्यों को लेकर लोगों से विचार विमर्श करते हुए।

### गुहला हलका की सभी अधूरी परियोजनाओं को शीघ्र करवाया जाएगा पूरा: हरपाल सिंह

**गुहला-चीका।** शूगरफैड के पूर्व चेयरमैन सरदार हरपाल सिंह चीका ने कहा कि गुहला हलका में अधूरी पड़ी विकास परियोजनाओं पर जल्द ही काम शुरू करवा इन्हें पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर एक हलके के सम्मान विकास को लेकर पूरी तरह से प्रयत्नशील है। सरदार हरपाल सिंह आज चीका में क्षेत्र के लोगों से विकास के मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। इस दौरान अनाज मंडी आढ़तियों का एक शिष्टमंडल सरदार हरपाल सिंह से मिला और उन्हें अतिरिक्त अनाज मंडी में काटी गई दुकानों की बोली को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। अपने ज्ञापन में आढ़तियों ने बताया कि चीका में साल 2009 में अतिरिक्त अनाज मंडी काटी गई थी। उन्होंने बताया कि 2014 में करवाई गई ओपन बोली में मात्र 60 दुकानें ही बिक पाई थी। आढ़तियों ने बताया कि उसके बाद पिछले 11 सालों में हुई अलग अलग बोलियों पर मात्र 7 से 8 दुकानें ही बिकी है। उन्होंने बताया कि बाकी की दुकानें बेचने के लिए विभाग ने साल 2024 में पांच बार बोली की लेकिन सरकार का रिजर्व प्राइस ज्यादा होने के कारण एक भी दुकान नहीं बिक पाई। आढ़तियों ने हरपाल सिंह को बताया कि विभाग ने एक दुकान का रिजर्व प्राइस 64 लाख 20 हजार रुपए रखा है जोकि बहुत ज्यादा है। आढ़तियों ने मांग कि है कि यदि सरकार रिजर्व प्राइस को कम करके बोली करवाए तो एक ही बार में अधिकतर दुकानें बिक जाएंगी।

## आश्रम को विकसित करने के लिए पहले चरण में एक करोड़ का बजट होगा खर्च

# महर्षि वाल्मीकि आश्रम के विकास को लेकर सरकार हरकत में आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में प्राचीन श्री कपिल मुनि सरोवर तट के नजदीक स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम के विकास को लेकर सरकार हरकत में है। वार्ड आठ के अधीन आने वाले इस आश्रम को विकसित करने को पहले चरण में करीब एक करोड़ का बजट व्यय होगा। सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा के आग्रह पर बजट नगर पालिका को भेजा गया है। विकास कार्यों को शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही नगर पालिका द्वारा पूरी की जानी है। समाज सेवी संगठनों का कहना है कि काफी लंबे समय से आश्रम में विकास कार्यों की दरकार रही है। पूर्व में जो निर्माण कार्य शुरू किया गया वह अधूरा है। जबकि इसके आंगन में आधुनिक भवन, सभागार, पुस्तकालय, पेयजल, पानी निकासी,



- विकास कार्यों को शुरू करने के लिए टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही नगर पालिका द्वारा पूरी की जानी है।

चारदीवारी, हरियाली व अन्य सुविधाओं की दरकार रही है। महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस पर विकास कार्यों को गति देने का मुद्दा कमलेश ढांडा के राज्य मंत्री रहते हुए प्रमुखता से उठा था। उस दौरान उन्होंने एक बड़ा बजट विभिन्न विकास कार्यों के लिए जारी किया था। इसके तहत भवन का निर्माण शुरू किया गया। इसे पूरा करने को बजट की जरूरत है। इसके साथ ही महर्षि वाल्मीकि आश्रम को रामायण काल की तरह खास तरह से विकसित करने के लिए अलग से योजना को गतिमान करने की मांग उठ रही है। इसके तहत ही सरकार ने करीब एक करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। जतीन बैदी, दीपक कुमार, विक्रम सिंह और अन्य युवाओं का कहना है कि महर्षि वाल्मीकि आश्रम को विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को गतिमान करने में महत्वपूर्ण माना जाता है। वर्तमान में यह स्थान जंगली झाड़ियों और अव्यवस्था के बीच दम तोड़ता नजर आ रहा है। पूरे आश्रम परिसर में सफाई का नामोनिशान नहीं है। बेतरतीब फैली वनस्पति आश्रम की गरिमा को ठेस पहुंचा रही हैं। आश्रम में प्रवेश द्वार तक जाने के लिए पक्की सडक तक नहीं है।

### विकसित होगा महर्षि वाल्मीकि आश्रम: पंवार

8 पार्षद महीपाल पंवार ने बताया कि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा के आग्रह पर प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा करीब एक करोड़ का बजट महर्षि वाल्मीकि आश्रम के विकास के लिए जारी किया गया है। इसका प्रारूप तैयार करते हुए धरातल पर विकास कार्य शुरू करने के निर्देश सरकार द्वारा नगर पालिका को दिए गए हैं। इससे आश्रम को एक नई पहचान मिलेगी और महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार होगा।

## खबर संक्षेप


महिलाओं को प्रमाण पत्र देते हुए।

### महिलाओं के लिए 3 दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चा खेड़ा ने महिलाओं के लिए 3 दिन के दूध और दूध उत्पादों का प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह गाँव बधाना की 36 अनुसूचित जाति की महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन डॉ. संदीप दुहन व दुसरे दिन डॉ. अंकित कुमार और तीसरे दिन डॉ. उर्वशी नांगल ने दूध एवंम दूध उत्पादो का मूल्य सवर्धन पर विशेष तौर पर जानकारी दी तथा दूध से पनीर रसगुल्ला, गुलाब जामुन और बर्फी बनाना सिखाया। हितेश कालरा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए विस्तार से जानकारी दी कि किस प्रकार से महिलाएं अपना रोजगार शुरू कर सकती हैं और अपनी आमदनी बड़ा सकती हैं।

### पांच जून को शिक्षा सदन पर शिक्षकों का प्रदर्शन

**जींद।** अध्यापक संघ के जिला प्रधान हैप्पी मोर ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार शिक्षा व शिक्षकों के हितों पर लगातार हमला कर रही है और शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की आड़ में भारतीय भाषा शिक्षण के नाम पर गर्मी की छुट्टियों में दो से आठ जून तक विद्यार्थियों और भाषा अध्यापकों को 50 डिग्री के आसपास तापमान होने के बावजूद स्कूलों में आने का फरमान सुनाया है। प्राथमिक शिक्षकों के सेमिनार भी छुट्टियों में ही लगाने की तैयारी चल रही है। जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। अवकाशीय विभाग माने जाने से स्कूलों में शिक्षकों को साल में 10 अर्जित अवकाश दिए जाते हैं।

### धान का समर्थन मूल्य 69 रुपये बढ़ाना नाकाफी

**पूंडरी।** युवा जेजेपी नेता राजू पाई ने केंद्र सरकार द्वारा खरीफ फसलों के एमएसपी में की गई बढ़ौतरी को नाकाफी बताया है। उन्होंने कहा कि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य को केवल 69 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। यह किसानों के साथ भद्दा मजाक है। अन्नदाताओं के प्रति मोदी सरकार की छोटी सोच सामने आई है। वह पीएम से सवाल करते हैं कि किसानों की आय अब तक दोगुनी होगी।

तीन दिन पहले ही स्वास्थ्य महानिदेशक ने सतर्कता बरतने के दिए थे आदेश

# कोरोनाः जिला नागरिक अस्पताल में अब तक नहीं पहुंची जांच किट

- फ्लू कॉर्नर पर अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटियां लगाई
- महामारी में जिले में मिले थे 15 हजार 496 कोरोना संक्रमित, 378 लोगों की हुई थी मौत

*जिले में कोरोना महामारी की शुरूआत से लेकर अब तक विभाग की ओर से पांच लाख 51 हजार 146 लोगों के सैंपल लिए गए हैं। इसमें से 15 हजार 496 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए थे। जबकि 378 लोगों की कोरोना महामारी के कारण मौत की हो चुकी है। हालांकि राहत की बात यह है कि वर्तमान समय में कोरोना का एक भी केस नहीं है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश में कोरोना संक्रमित केस बढ़ रहे हैं, लेकिन जिला नागरिक अस्पताल में अब तक जांच किट तक नहीं पहुंची है। जांच किट न आने के कारण अभी तक कोरोना की जांच शुरू नहीं हो पाई है। तीन दिन पहले ही स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने सतर्कता बरतने के आदेश जारी करते हुए संदिग्ध बुखार के मरीजों की जांच के आदेश दिए थे। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को जांच किट पहुंचने का दावा है। करीब एक सप्ताह बाद भी यह किट नहीं पहुंची है। ऐसे में यहां पर संदिग्ध बुखार के मरीजों की जांच शुरू नहीं हो पाई है। स्वास्थ्य विभाग ने फ्लू कॉर्नर पर अतिरिक्त स्टाफ की ड्यूटियां लगा दी हैं।

अस्पताल में फ्लू कॉर्नर भी बनाया गया है। इसके अलावा नागरिक अस्पताल में ही मरीजों के लिए वेंटिलेटर और आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था की गई है।


नागरिक अस्पताल कैथल। फोटो :हरिभूमि

#### जल्द मिलेगी टेस्टिंग सुविधा

अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही अस्पताल में टेस्टिंग की सुविधा शुरू हो जाएगी। ये टेस्ट उन्हीं लोगों के किए जाएंगे, जिनमें कोरोना से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं। यदि कोई व्यक्ति सीधे तौर पर टेस्ट करवाने के लिए आएगा तो फिलहाल उसका टेस्ट नहीं किया जाएगा। इसे पहले उसे डॉक्टर को दिखाना होगा और डॉक्टर की अनुमति के बाद ही उसका टेस्ट किया जाएगा। सबसे पहले अस्पताल में रैपिड टेस्टों की सुविधा शुरू की जाएगी, जिसमें मौके पर ही जांच कर मरीज को बताया जाएगा कि वह कोरोना संक्रमित है या नहीं। टेस्ट के साथ ही मरीज को उसकी रिपोर्ट भी दे दी जाएगी।

#### कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

वहीं अस्पताल के स्टाफ को भी अधिकारियों ने इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है कि वे कोरोना से संबंधित नियमों का पालन करें। मुंह पर मास्क लगाकर रखें और बार-बार सैनिटाइजर से हाथ साफ करते रहें। फिलहाल जिले में कोरोना का कोई केस सामने नहीं आया है, लेकिन इसे लेकर विभाग पूरी तरह से चौकन्ना है। कोरोना महामारी से बचाव को लेकर अस्पताल के डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मियों व अन्य सहयोगी कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

जिले में कोरोना महामारी की शुरूआत से लेकर अब तक विभाग की ओर से पांच लाख 51 हजार 146 लोगों के सैंपल लिए गए हैं। इसमें से 15 हजार 496 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए थे। जबकि 378 लोगों की कोरोना महामारी के कारण मौत की हो चुकी है। हालांकि राहत की बात यह है कि वर्तमान समय में कोरोना का कोई भी केस नहीं है।

दूसरा यह भी है कि जिले में कोरोना महामारी से ठीक होने वाले मरीजों का प्रतिशत भी 97.5 रहा है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के पास कोरोना से निपटने के लिए इस समय जिले में तीन ऑक्सीजन प्लांट, 425 सामान्य कोविड बेड हैं। इसमें 100 बेड का प्री-फेब्रिकेटेड कोविड अस्पताल भी शामिल है। जबकि 195 ऑक्सीजन बेड, 28 नॉन ऑक्सीजन बेड, 42 आईसीयू, नौ वेंटिलेटर और छह वेंटिलेटर एंबुलेंस हैं।

#### जिला स्वास्थ्य विभाग तैयारः सीएमओ

जिला नागरिक अस्पताल कैथल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सचिन मांडले ने कहा कि कोरोना से बचाव को लेकर अस्पताल में पूरी तैयारी है। फिलहाल रैपिड टेस्ट की सुविधा शुरू की जाएगी। इसमें मौके पर ही मरीज को जांच के बाद रिपोर्ट दी जाएगी। जल्द ही अस्पताल में आरटी पीसीआर लैब में भी टेस्टों की सुविधा शुरू कर दी जाएगी। कोरोना जांच किट करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से मंगवाई गई है।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए नए चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि

## नवनियुक्त चिकित्सकों को कोरोना से निपटने के लिए किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश और प्रदेश में बढ़ रहे कोरोना के मामलों को देखते हुए नागरिक अस्पताल प्रशासन सतर्क है। अस्पताल में कोरोना को लेकर नवनियुक्त चिकित्सकों को कोरोना को लेकर जो स्वास्थ्य महानिदेशक से दिशा-निर्देश मिले हैं, उसके लिए वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप में कोरोना से निपटने, कोरोना को लेकर किया जाने वाला ट्रीटमेंट सहित अन्य पहलुओं पर चर्चा की। डिप्टी सिविल सर्जन डा. बिजेंद्र ढांडा ने कोरोना से निपटने के लिए चिकित्सकों का जरूरी मार्गदर्शन किया, ताकि मरीज आने पर उनको चिकित्सक बेहतर इलाज दे सकें। जरूरत का सामान उपलब्ध करवाया जा रहा है। कोरोना के ओमिक्रोन वेरिएंट के सब वेरिएंट जेएन-1 को लेकर जींद के अलावा उचाना में भी दस बैड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है।

#### बढ़ाई जा रही सुविधाएं

अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से कोरोना को लेकर मरीजों के लिए समय रहते सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। कोरोना के मरीजों के लिए दस बैड का वार्ड तैयार किया गया है। कोरोना के मरीजों के लिए ऑक्सीजन की सुविधा को लेकर थ्रीलेयर सिस्टम तैयार किया गया है। इस समय ऑक्सीजन प्लांट खराब है तो अस्पताल के पास ऑक्सीजन रिफिलिंग सिलेंडर हैं। जिन्हें भरवाया गया है। इसके अलावा ऑक्सीजन स्टॉक प्लांट भी है। वहीं अस्पताल में अस्पताल में फ्लू कार्नर बनाया गया है ताकि कोरोना के संदिग्धों के सैंपल लिए जा सकें। इसमें सैंपल लेते समय संक्रमण होने का खतरा नहीं रहता है। बस सैपल लेते समय किट पहननी अनिवार्य होती हैं।

#### नवनियुक्त चिकित्सकों को कोरोना के उपचार की गाइडलाइन से अवगत करवाया : डा. बिजेंद्र ढांडा

डिप्टी सीएमओ डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि अस्पताल में जिन नए चिकित्सकों ने ज्वायन किया है, उनको कोरोना को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। डीजी हैल्थ के निर्देशानुसार कोरोना को लेकर हर स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अस्पातल में आने वाले हर संदिग्ध मरीज की स्पेशल जांच की जा रही है।

## परवाज़ एक उड़ान चैरिटेबल ट्रस्ट ने 750 छात्र और छात्राओं को लिया गोद, पूरे साल की फीस भी जमा

- गोद लिए बच्चों को स्टेशनरी बैग व जरूरत का सामान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

परवाज़ एक उड़ान चैरिटेबल ट्रस्ट जो कि एक सामाजिक संस्था हैए ने उपमंडल नरवाना के 750 ज़रूरतमंद छात्र व छात्राओं को शिक्षा हेतू गोद लिया है द्ययह ट्रस्ट पिछले कई वर्षों से सामाजिक सेवा में लगी हुई है। इस ट्रस्ट ने वर्ष 2022 में 15ए वर्ष 2023 में 126ए वर्ष 2024 में 555 छात्र व छात्राओं को और इस वर्ष 750 छात्र व छात्राओं को विभिन्न विद्यालयों से गोद लिया है। ट्रस्ट ने इन सब विद्यार्थियों की सत्र 2025 . 2026 की स्कूल की फीस व निधियों को जमा करवा दिया है द्य इन छात्र व छात्राओं को ट्रस्ट की तरफ स्टेशनरी के रुप में 6 रजिस्टर 5 बाल पैन व स्कूल बैग भी दिए गए हैं। ट्रस्ट ने इस वर्ष परवाज़.एक उड़ान बुक बैंक भी शुरू किया है जिसके अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों को कक्षा नौवीं व दसवीं के 100 सैट उपलब्ध करवाए गए हैं। पिछले मास ट्रस्ट के संस्थापक.चेयरमैन जगदीप ढांडा व प्रधान मनमोहन मित्तल की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में निर्णय हुआ था कि पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी ज़्यादा से ज़्यादा ज़रूरतमंद छात्र व छात्राओं को गोद लेकर आर्थिक मदद की जाएगी। बीईओ नरवाना ने इस नेक कार्य में ट्रस्ट की सहायता की व सभी उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मुखियाओं से ज़रूरतमंद छात्र व छात्राओं की सूचि ट्रस्ट को उपलब्ध करवाने की सिफारिश की ताकि ज़्यादा से ज़्यादा विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता की जा सके। ट्रस्ट ने 42 उच्च व वरिष्ठ विद्यालयों में जा कर 750 विद्यार्थियों की फीस व निधियाँ जमा करवाईं। खंड परियोजना संयोजक सुरेश नैन व स्कूल मुखियाओं ने ट्रस्ट का धन्यवाद किया। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने बीईओ नरवाना व स्कूल मुखियाओं का सहयोग के लिए आभार जताया। ट्रस्ट पौधरोपण कार्यक्रम भी चलाती है।


जींद। बच्चों को स्टेशनरी देते हुए ट्रस्ट सदस्य।

## खेडी लांबा में गहराया पेयजल संकट

- लंबी तान कर सोये जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सुनवाई नहीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव खेड़ी लांबा के ग्रामीण पिछले कई दिन से जन स्वास्थ्य विभाग की नहरी पेयजल योजना के पानी से महरूम हैं। विवशता में बोर व अन्य स्थानों से पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। करोड़ों की नहरी पेयजल योजना ग्रामीणों के लिए सफेद हाथी बनी है। इसकी मुख्य वजह पिछले सप्ताह आए तेज तूफान और बरसात के दौरान जल घर का ट्रांसफार्मर और खंभों का जमीन पर गिर जाना है। ग्रामीणों ने बिगड़ी पेयजल व्यवस्था का समाधान करने की मांग की। ग्रामीण सुरेश, महावीर, गुरवचन, शमशेर, मनोज, नरेश का कहना है कि नहरी पेयजल योजना की जल आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। ट्रांसफार्मर, बिजली पोल व लाइन जमीन पर पड़ी है। जिससे पेजयल समस्या ने गहराने के साथ, जमीन पर पड़े बिजली उपकरणों से दुर्घटना की संभावना है। ग्रामीणों को स्वच्छ जल प्रदान करने के लिए नहरी पेयजल योजना की सौगात वर्षों पहले खेड़ी लांबा गांव को मिली। बिजली सप्लाई बंद होने से इस योजना का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा। गांव में बेहद गहराई से पीने योग्य पानी उपलब्ध होता है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग समय पर काम करे तो पानी की समस्या खत्म हो सकती है। बिजली निगम एसडीओ अंकित कुमार ने बताया कि आंधी-तूफान से क्षेत्र में कई जगह ट्रांसफार्मर और पोल गिरे हैं। इन्हें ठीक किया जा रहा है। खेड़ी लांबा से अब तक कोई शिकायत नहीं मिली थी।



कलायत के खेड़ी लांबा गांव के जल घर में जमीन पर पड़ा बिजली ट्रांसफार्मर।


कार्यक्रम में सपना बैरागी को सम्मानित करते हुए नपा चेयरमैन डा संजय जांगड़ा

### देवरड़ की सपना डीएम न्यूरोलॉजी में चयनित

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के देवरड़ गांव के किसान की बेटी सपना बैरागी का मेडिकल कोर्स करते हुए एमडी के बाद डीएम न्यूरोलॉजी में चयन हुआ है। गांव की बेटी का चयन होने से गांव ही नही बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। जुलाना पहुंचने पर सपना का कार्यक्रम आयोजित कर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डा. संजय जांगडा ने शिरकत की। सपना बैरागी ने बताया कि उन्होनें रोहतक पीजीआई से एमबीबीएस का कोर्स किया। हिमाचल के मंडी में स्थित लाल बहादुर राजकीय मेडिकल कॉलेज से एमडी की है। अब उनका चयन लखनऊ में स्थित किंग जोर्ज मेडिकल कॉलेज में डीएम न्यूरोलॉजी के लिए चयन हुआ है। सपना के पिता सूरजमल एक छोटे किसान हैं। सपना की माता सुनीता एक गृहणी हैं। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए डा संजय जांगड़ा ने कहा कि एक छोटे से परिवार से निकलकर सपना का इस मुकाम तक पहुंचना गौरव की बात है। पूरे जुलाना हलके में कोई भी युवा इस मुकाम तक नही पहुंच पाया है।

## एक माह से काम बंद, लोग परेशान

- भिवानी रोड अंडरपास निर्माण में देरी से लोगों में आक्रोश, विकास संगठन की टीम मौके पर पहुंची।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद विकास संगठन के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने अपनी टीम के साथ भिवानी रोड अंडरपास का दौरा किया और लगातार एक महीने से काम बंद होने पर सरकार और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। इस अवसर पर संगठन के महासचिव राजकुमार भोला, वरिष्ठ उप प्रधान सावर गर्ग, कोषाध्यक्ष पवन बंसल, उप प्रधान मनजीत सिंह, कार्यकारी सदस्य संजय गर्ग इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। गोयल का कहना है कि एक छोटे से अंडरपास को बनाने में तीन तीन साल का समय क्यों लग रहा है। प्रशासन यहां अंडरपास बना रहा है या फिर कोई कुतुब मीनार। गोयल का कहना है कि दिल्ली-बठिंडा रेलवे लाइन पर करीबन साढ़े आठ करोड़ रूपये की लागत से बनने वाला इस तीन मीटर ऊंचाई का अंडरपास अधर में लटका है। अक्टूबर 2015 में इस अंडरपास की घोषणा हुई थी। मई 2022 में एचएसआरडीसी ने इस अंडरपास के निर्माण के लिए टेंडर लगाया था। दिसंबर 2022 में काम शुरू हुआ था। तब दावा किया गया था कि एक साल में यह अंडरपास बनकर तैयार हो जाएगा लेकिन एक साल तो दूर यह अंडरपास तीन साल में भी पूरा नहीं हुआ है। गोयल का आरोप है कि आखिर यहां कितना बडा निर्माण करवाया जा रहा है जो सरकार और प्रशासन से तीन साल में भी पूरा नहीं हो पा रहा। गोयल का कहना है कि रास्ता बंद होने से हजारो लोग प्रभावित है और हर रोज कई किलोमीटर लम्बा रास्ता तय करने पर मजबूर है।


अपनी टीम के साथ अंडरपास का दौरा करते प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल।




### शिक्षा भारती स्कूल उझाना में शिक्षक अभिभावक बैठक

**नरवाना।** शिक्षा भारती मॉडल स्कूल उझाना में आज अभिभावक.शिक्षक बैठक पीटीएम का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। प्रबंधक कमेटी द्वारा नियुक्त हेड बॉय एंड हेड गर्ल ने विद्यार्थियों और अभिभावकों का स्वागत किया। अध्यापकों और अभिभावकों के मध्य वार्तालाप हुई। बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानने के साथ उनकी पढने की कमजोरी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई। छात्रों की शैक्षणिक प्रगति आगामी परीक्षाओं की तैयारी व अन्य गतिविधियों में भागीदारी व विद्यालय में नई सुविधाओं का विकास आदि। अभिभावकों ने कहा कि यह पीटीएम हमें अपने बच्चों की प्रगति को समझने और शिक्षकों से सीधे संवाद करने का अच्छा अवसर प्रदान करता है।। शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के प्रदर्शन की जानकारी दी और बच्चों की परिणाम रिपोर्ट सांझा की। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों के खान पान और व्यवहार को लेकर भी ध्यान रखने की बात कही ।

## पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर की चर्चा चारों ओर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

अद्भुतए अविश्वसनीय परंतु सत्य .पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर की शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियां की चर्चा चारों ओरए सभी कक्षा में 1ेज से 12जी अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में प्रवेश आरंभ है। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि बडनपुर विद्यालय लगभग एक हजार बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा प्राप्ति का अनुपम केंद्र बना हुआ है। विद्यालय से गत 5 वर्षों में आठ विद्यार्थियों ने छम्म्ज की परीक्षा की क्वालिफाइड करके गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कर रहे हैं। तथा तीन विद्यार्थी प्प्ज की परीक्षा पास करके जयपुर एजम्मू प्प्ज इंस्टिट्यूट से इंजीनियरिंग कर रहे हैं। विद्यालय 10वीं 12वीं का परीक्षा परिणाम पिछले 5 वर्षों से शत प्रतिशत है। इस वर्ष भी 72 मेरिट 12वीं कक्षा में आई तथा 38 मेरिट दसवीं कक्षा में प्राप्त की गई। बुनियादए एनएमएमएस एतथा सुपर हंड्रेड में बच्चों का चयन पूरे जींद जिला में सर्वाधिक रहा है। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने इसके लिए यहां पर कार्यरत समर्पित तथा अपने.अपने विषय में निपुण शिक्षकों व कर्मचारियों को दिया।


नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए।

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलोदा खुर्द में किया आयोजन

## ओपन टैलेंट शो में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- सोलो डांस ग्रुप डांस, गायन, कविता पाठ, मिमिक्री व नाट्य की प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलोदा खुर्द में ओपन टैलेंट शो का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी वर्गों में नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। 100 से भी अधिक प्रस्तुतियाँ शामिल रहीं। छात्रों के सोलो डांस ग्रुप डांस, गायन, कविता पाठ, मिमिक्री और नाट्य की प्रस्तुतियां दी। जिनमें बच्चों की संवेदनशीलता रचनात्मकता और आत्मविश्वास की झलक देखने को मिली। मंच बच्चों की रचनात्मक ऊर्जा और आत्म.अभिव्यक्ति का केन्द्र बन गया। कुछ बच्चों ने देशभक्ति से ओत.प्रोत गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया, तो कुछ ने सामाजिक मुद्दों को उजागर करते नाटकों के ज़रिए दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। कविता पाठ में नन्हे विद्यार्थियों ने ऐसी भावनाएं व्यक्त कीं जो सीधे दिल तक पहुँचीं। स्कूल प्राचार्या वीना डारा ने मंच से छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से छात्रों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। यह टैलेंट शो इस दिशा में एक सशक्त पहल है। बच्चों का आत्मविश्वास, मेहनत और जोश देख कर गर्व होता है। निर्देशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने मंच पर दी गई प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा किए हर बच्चे ने आज जो आत्मविश्वासए हुनर और हिम्मत दिखाई हैए वह प्रशंसा के योग्य है। वेदांता परिवार को ऐसे होनहार बच्चों पर गर्व है। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को मंच के लिए तैयार करने में भरपूर सहयोग दिया। प्रस्तुति की तैयारी से लेकर मंच संचालन और व्यवस्थापन तक कृ हर क्षेत्र में छात्रों को अवसर दिया गया। वेदांता इंटरनेशनल स्कूल हमेशा से सर्वांगीण विकास की नीति पर काम करता आया है और आगे भी ऐसे आयोजनों से छात्रों को मंच प्रदान करता रहेगा। स्कूल का मानना है कि हर बच्चा खास है व उस प्रतिभा को उभरने के लिए बस एक मंच की जरूरत होती है।

